सोरी राधा जी आज थोड़ा लेट हो गया

पहले तो मैया ने ही मारी झिड़की,
बंद किया दरवाजा सारी खिड़की,
मैं हुआ परेशान, कैसे मिलूं मेरी जान,
रे दिल चिंता में खो गया,
सोरी राधा जी, सॉरी राधा जी,
आज थोड़ा लेट हो गया

राधे तेरी जिद बिना नींद नहीं आती,
मुरली भी तेरे बिन चैन नहीं पाती,
दिया तुझको दिल अब रहना मुश्किल,
रे तेरा रूप मन मोह गया,
सोरी राधा जी, सॉरी राधा जी,
आज थोड़ा लेट हो गया

जाने कैसा जादू तूने कर दिया मोपे,
दिल मेरा डोल डोल जाता है तोपे,
चाहे दिन हो या रैन नहीं मिले बिन चैन,
देख सपना मैं सो गया,
सोरी राधा जी, सॉरी राधा जी,
आज थोड़ा लेट हो गया

जब जब श्याम तोसे मिल नहीं पाए,
दिल का कमल राधे खिल नहीं पाए,
तुझे सब एहसास चाहूँ रहूं तेरे पास,
यही सपने संजो गया,
सोरी राधा जी, सॉरी राधा जी,
आज थोड़ा लेट हो गया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21954/title/sori-radha-ji-aj-thoda-late-ho-geya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |